# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा–स / 22492 / प्रवेशोत्सव / 2018–19 / दिनांकः 16-06.2018

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,**
**माध्यमिक – प्रथम / द्वितीय**

**विषय :–** प्रवेशोत्सव : 2018–19 कार्यक्रम के द्वितीय चरण आयोजन की प्रभावी मोनिटरिंग एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु क्षेत्र परिभ्रमण के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांकः 03.04.2018, 06.04.2018, 17.04.2018 एवं आदेश दिनांकः 20.04.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक निर्देश–आदेश पत्रों द्वारा आपको क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय विद्यालयों में दो चरणों में "प्रवेशोत्सव –2018" के आयोजन व नामांकन लक्ष्य प्राप्ति कार्य योजना : 2018–19 के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश प्रदान किये गये हैं। शासन द्वारा राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि एवं नामांकन लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्ष : 2018–19 हेतु समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु कक्षा समूहवार पुनः निर्धारित नामांकन लक्ष्यों के अर्जन की सुनिश्चतता हेतु निर्देश प्रदान किये गये हैं। समस्त राजकीय विद्यालयों हेतु वर्ष : 2018–19 हेतु कक्षा समूहवार नवीन निर्धारित नामांकन लक्ष्यों के सम्बन्ध में विद्यालयवार विवरण आपको पूर्व में ही प्रेषित किया जा चुका हैं, जो कि विभागीय वेब–साईट पर भी उपलब्ध है। नामांकन लक्ष्य पूर्ति के चुनौतीपूर्ण कार्य का सफलतापूर्वक निष्पादन आपके द्वारा अधीनस्थ संस्था प्रधानों, विद्यालयी स्टाफ, स्थानीय जनसमुदाय एवं जनप्रतिनिधिगण, अभिभावकों, स्थानीय मीडिया, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय भामाशाहों के सहयोग एवं समन्वित प्रयासों से किया जाना है।

उक्त क्रम में प्रवेश्चोत्सव–2018 के प्रथम चरण का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है। उक्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण (दिनांकः 19.06.2018 से 03.07.2018 तक आयोज्य) की निदेशालय स्तर से प्रभावी मोनिटरिंग एवं सम्बलन हेतु संलग्न सूची के अनुसार जिला पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। उक्त समस्त पर्यवेक्षण अधिकारी सम्बन्धित जिले में जिला शिक्षा अधिकारी एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के परियोजना समन्वयक कार्यालयों से समुचित समन्वय स्थापित कर दिनांकः 18.06.18 से 20.06.18 के दौरान क्षेत्र परिभ्रमण एवं बैठकों द्वारा संस्था प्रधानों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनसमुदाय के साथ पास्परिक सम्वाद कायम करते हुए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे। जिला एवं विद्यालय स्तर पर नामांकन लक्ष्य प्राप्ति हेतु स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं एवं कठिनाइयों के निराकरण हेतु जिला / मण्डल कार्यालय को सम्बलन प्रदान करते हुए परिभ्रमण पश्चात् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, जिसकी प्रति उप निदेशक (माध्यमिक), कार्यालय हाजा को प्रेषित करेंगे।

1. समस्त पर्यवेक्षण अधिकारी गण के क्षेत्र परिभ्रमण की समुचित व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) / जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–प्रथम) द्वारा की जाएगी। उक्त भ्रमण कार्यक्रम हेतु RMSA कार्यालय में उपलब्ध वाहन का उपयोग किया जा सकता है। अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं के अभाव में किराए की टैक्सी की व्यवस्था की जावे, जिसका भुगतान कार्यालय मद से किया जा सकेगा। निदेशालय द्वारा मांग के आधार पर बजट आवंटन किया जाएगा। जिन जिलों में दो जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय है, वे पारस्परिक समन्वय से पर्यवेक्षण अधिकारी के क्षेत्र परिभ्रमण का समन्वित कार्यक्रम संयोजित करेंगे।
2. निदेशालय स्तर से नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारियों से यह अपेक्षा है कि क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वे प्रारम्भिक शिक्षा के प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों का भी हिस्सा बने। ऐसी बस्तियों–गाँवो में प्राथमिकता से जाएं, जहां से बालक–बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन / ठहराव न्यून हों। भ्रमण क्षेत्र विद्यालयों की चार दीवारी तक समित न रखें, आम लोगों / स्थानीय जनसमुदाय / जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों आदि से मिलें, स्थानीय विद्यालयों के शैक्षणिक / भौतिक विकास एवं उनके बालक–बालिकाओं के शैक्षिक हितों के सम्वर्धन / संरक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चित उपलब्धता बाबत खुलकर चर्चा एवं विमर्श करें। परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान रात्रि विश्राम प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्रों में चौपालों / गुवाड़ों में स्थानीय लोगों तथा क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों के साथ सम्वाद–सम्पर्क करते हुए किया जाए।
3. प्रवेशोत्सव एवं नामांकन वृद्धि से सम्बन्धित विभिन्न आदेशों में विभागीय स्तर पर संस्था प्रधानों / शिक्षकों को स्थानीय जनसमुदाय / जनप्रतिनिधियों / SDMC सदस्यों की अधिकाधिक

www.rajteachers.com

सहभागिता उक्त कार्यक्रम के साथ-साथ विद्यालय संचालन एवं प्रबन्धन से जोड़ने हेतु निर्देश पूर्व प्रदत्त हैं। क्षेत्र भ्रमण के कार्यक्रम में पर्यवेक्षण अधिकारी विभिन्न शालाओं के निरीक्षण/अवलोकन के समय विद्यालय स्टाफ/संस्था प्रधान द्वारा उक्त निर्देशों की पालना संबंधी अभिलेख संधारण/वास्तविक स्थिति का परीक्षण आवश्यक रूप से करेंगे तथा निरीक्षण प्रतिवेदन में भी इसका उल्लेख करते हुए संस्था प्रधानों को आगामी समय में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली ग्राम सभा/वार्ड सभा कार्यक्रम के आयोजन बाबत पूर्व जानकारी सम्बन्धित पी.ई.ई. ओ./ग्राम विकास अधिकारी से प्राप्त करते हुए भविष्य में उक्त सभाओं तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोज्य रात्रि चौपाल कार्यक्रम में सुनिश्चित सहभागिता हेतु पाबन्द करेंगे।

4. जिला पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु परिभ्रमण कार्य योजना निम्नांकित निर्देशों को सुनिश्चित करते हुए निर्मित की जाएगी :-

| क्र.सं. | दिनांक | सम्पादित की जाने वाली कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1. | 18..05.18 (सोमवार) | विगत वर्ष निदेशालय के निर्देश पत्र क्रमांक शिविरा-मा / माध्य / निप्र / नवाचार/2017/133 दिनांक:13.07.2017 द्वारा समस्त मंडल तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को मण्डल/जिले में बोर्ड परीक्षा-2017 में निर्धारित मानदण्डों से न्यून परीक्षा परिणाम वाले राजकीय विद्यालयों की सूची प्रेषित कर उनके परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु विशिष्ट कार्ययोजना निर्मित किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए थे। समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिला पर्यवेक्षण अधिकारी के समक्ष उक्त समस्त विद्यालयों के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षाओं के वर्ष:2017 तथा 2018 के बोर्ड परीक्षा परिणाम का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। जिन विद्यालयों में परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी निर्धारित मानदण्डों से न्यून रहा है, उन विद्यालयों हेतु नामित प्रभारी एवं संस्था प्रधान/स्टाफ का पूर्व प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही प्रारम्भ की जानी है। जिला पर्यवेक्षण अधिकारी सम्पूर्ण जिले में चिन्हित ऐसे समस्त विद्यालयों की सूची एवं उनके लिए पूर्व में नामित प्रभारी अधिकारी का विवरण भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात भ्रमण प्रतिवेदन में उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। बोर्ड परीक्षा-2017 में निर्धारित मानदंडोंसे न्यून परीक्षा परिणाम वाले राजकीय विद्यालयों के जिलेवार संख्यात्मक विवरण की सूची सुलभ सन्दर्भ हेतु पत्र के संलग्न प्रेषित है।<br>मण्डल मुख्यालय हेतु नामित जिला पर्यवेक्षण अधिकारी मण्डल कार्यालय में उपनिदेशक एवं मण्डल मुख्यालय के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के समस्त शिक्षाधिकारियों एवं नामांकन-प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से जुड़े हुए समस्त कार्मिकों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। प्रथम चरण के दौरान अनुभूत कठिनाईयों के संबंध में विस्तृत विमर्श उपरांत मण्डल/जिला हेतु नामांकन लक्ष्य पूर्ति कार्ययोजना की ठोस क्रियान्विति बाबत सार्थक चर्चा करेंगे।<br>मण्डल मुख्यालय के अतिरिक्त जिला मुख्यालयों पर पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के समस्त शिक्षाधिकारियों तथा संबंधित कार्मिकों के साथ उक्त समीक्षा बैठक में प्रगति विवेचन किया जाएगा। |
| 2. | 19.0618 (मंगलवार) | शिविरा पंचांग:2017-18 में ग्रीष्मावकाश उपरांत विद्यालय प्रारम्भ के साथ ही SDMC की कार्यकारिणी समिति की बैठक के आयोजन एवं सत्रपर्यन्त कार्ययोजना के अनुमोदन बाबत निर्देश पूर्व प्रदत्त हैं। समस्त जिला पर्यवेक्षण अधिकारीगण उक्त दिवस को किसी पीईईओ स्तर के विद्यालय में उक्त बैठक में आवश्यक रूप से भाग लेंगे तथा बैठक विवरण का अंकन भ्रमण प्रतिवेदन में करेंगे। साथ ही विद्यालय समय तथा उसके पश्चात् क्षेत्र के अधिकाधिक स्थानीय जनसमुदाय से अन्तः क्रिया (Interaction) तथा पारस्परिक वार्तालाप द्वारा स्थानीय विद्यालयों से उनके जुड़ाव सम्बन्धी अवगति प्राप्त करते हुए संस्था प्रधान/स्टाफ को आवश्यक मार्ग दर्शन प्रदान करते हुए वांछित सुधारों के सम्बन्ध में अपने सुझाव अवश्य देवें। रात्रिविश्राम यथासम्भव सम्बन्धित क्षेत्र के ग्रामीण वास स्थानों में करें। |

www.rajteachers.com

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 20.06.18 (बुधवार) | उक्त दिवस को अन्य विद्यालयों के साथ जिले में संचालित शारदे बालिका छात्रावासों में से किसी बालिका छात्रावास का निरीक्षण पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त निरीक्षण से पूर्व प्रातः कालीन सत्र में उक्त छात्रावास के कैचमेन्ट एरिया के समस्त विद्यालयों का अवलोकन करते हुए उक्त छात्रावास में आवास करने वाली छात्राओं से विद्यालय में ही सम्वाद किया जाए तथा उनके समक्ष पेश आ रही व्यावहारिक कठिनाईयों तथा उनके अनुभवों को जानने का प्रयास किया जाए। उक्त बाबत अध्यापको/संस्था प्रधानों के साथ विमर्श/चर्चा करते हुए आस-पास के क्षेत्र में नियमित शिक्षण व्यवस्था से वंचित छात्राओं की संख्या एवं स्थिति तथा नियमित शिक्षण से वंचित छात्राओं की संख्या शून्य तक लाने हेतु व्यावहारिक उपायों एवं सुझावों के सम्बन्ध में शिक्षण स्टाफ/ग्राम वासियों/अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय के साथ खुल कर चर्चा की जाए। विद्यालय समय के उपरान्त शारदे बालिका छात्रावास की आवास, भोजन, स्वच्छता सम्बन्धी व्यवस्था तथा उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण/प्रत्यक्षीकरण पर्यवेक्षण अधिकरी द्वारा स्वयं छात्रावास में उपस्थित होकर किया जायेगा। छात्रावास की व्यवस्था/कार्मिकों/सुधारों/उपायों के सम्बन्ध में वार्डन/कार्मिकों तथा बालिकाओं से पृथक्-पृथक् चर्चा पश्चात छात्रावास के बेहतर संचालन हेतु विद्यालय स्टाफ/संस्था प्रधान/वार्डन/स्थानीय समुदाय तथा बालिकाओं के साथ संयुक्त बैठक के विकल्प की आवश्यकता का आकलन करते हुए तदनुसार कार्यवाही सम्पादित की जाए। शारदे बालिका छात्रावास के सम्बन्ध में अवलोकित/प्रेक्षित तथ्यों एवं आवश्यकताओं के सम्बन्ध में (ADPC), RMSA को अवगत करवाते हुए विस्तृत चर्चा अवश्य की जावे। |

5. समस्त पर्यवेक्षण अधिकारीगण क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान अधिकाधिक पीईईओ से वार्तालाप एवं विमर्श के दौरान सम्पूर्ण पंचायत परिक्षेत्र को ड्रॉप आउट फ्री " उजियारी पंचायत" घोषित करवाए जाने हेतु प्रमुख शासन सचिव महोदय के पत्र दिनांकः 24.05.18 में प्रदत्त निर्देशों तथा राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद के पत्र दिनांक:28.05.18 में वर्णित "टाईम फ्रेम" के अनुरूप वांछित कार्यवाही सम्पादित किए जाने हेतु अवगति प्रदान करेंगे तथा उक्त कार्यक्रम एवं योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

6. पर्यवेक्षण अधिकारीगण माननीय मुख्यमंत्री महोदया की बजट घोषणा के अनुरूप मिड-डे-मील योजनान्तर्गत ":अन्नपूर्णा दूध योजना" के शुभारम्भ के अवसर पर समस्त विद्यालयो में दिनांक:02.07.18 को आयोज्य विशेष PTM तथा दिनांक:02.07.18 से 09.07.18 तक "अन्नपूर्णा दूध योजना सप्ताह" के सुचारू आयोजन हेतु भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक स्तर पर व्यापक चर्चा एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए संस्था प्रधानों द्वारा उक्त महत्वपूर्ण योजना हेतु की जा रही पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे।

7. समस्त पर्यवेक्षण अधिकारी तत्काल सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी से यथोचित दूरभाष सम्पर्क/समन्वय स्थापित कर सम्बन्धित जिले के क्षेत्र परिभ्रमण से सम्बन्धित कार्य योजना अग्रिम रूप से निर्मित करना सुनिश्चित करेंगे एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दोनों चरणों के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के विस्तृत सम्पर्क में रहते हुए प्रबोधन करेंगे ।

8. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रासंगिक निर्देश पत्र दिनांक : 17.04.2018 में प्रदत्त निर्देशानुरूप प्रवेशोत्सव प्रथम चरण की ही भांति द्वितीय चरण हेतु प्रति दिवस नामांकन से सम्बन्धित गूगल शीट में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण प्रतिदिन अंकित करते हुए सम्पूर्ण जिला परिक्षेत्र में समस्त विद्यालयों में प्रवेशोत्सव अभियान की सतत् मोनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे।**

संलग्न :-

1 पर्यवेक्षण अधिकारियों की सूची।

2 बोर्ड परीक्षा-2017 में न्यून परिणाम वाले विद्यालयों की जिलेवार संख्यात्मक सूचना।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

# कार्यालय – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## प्रवेशोत्सव – 2018 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम हेतु निदेशालय स्तर से नियुक्त जिला पर्यवेक्षण अधिकारियों की सूची

| क्र.सं. | जिला | नाम जिला प्रभारी | पद व पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | बीकानेर | श्री मूलचंद मीना | उप निदेशक(समाज शिक्षा), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 2 | श्रीगंगानगर | श्री अनुज कुमार | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 3 | हनुमानगढ | श्री सीताराम गोदारा | सह सम्पादक, शिविरा, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 4 | चूरू | श्री राजकुमार शर्मा | वरिष्ठ सम्पादक, शिविरा, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 5 | झुंझुनूं | श्री रणजीत कुमार खिलेरी | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 6 | सीकर | श्री राजेन्द्र प्रसाद मील | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 7 | जयपुर | श्री हरि प्रसाद शर्मा | संयुक्त निदेशक(प्रशासन), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 8 | अलवर | श्री अनुराग सक्सैना | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 9 | दौसा | डॉ अशोक मोदी | रीडर, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर |
| 10 | जोधपुर | श्री विरेन्द्र सिंह यादव | जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 11 | बाड़मेर | श्री गोमाराम जीनगर | सम्पादक"शिविरा", माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 12 | जैसलमेर | श्री छगनलाल परिहार | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 13 | पाली | श्री मांगेलाल बुढ़ानिया | जिला शिक्षा अधिकारी(प्रशिक्षण), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर |
| 14 | सिरोही | श्री आजाद कुमार | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 15 | जालोर | श्री दिनेश चावड़ा | रीडर, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर |
| 16 | कोटा | श्री प्रकाश चन्द जाटोलिया | उप निदेशक(प्रशासन), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 17 | बूंदी | श्री नरेन्द्र गुप्ता | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 18 | झालावाड़ | श्री अशोक शर्मा | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 19 | बारां | श्री नरेश पोपली | रीडर, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर |
| 20 | उदयपुर | श्री सऊद अख्तर | जिला शिक्षा अधिकारी, (भाषाई अल्प संख्यक) माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 21 | राजसमन्द | श्री अक्खाराम चौधरी | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 22 | बांसवाड़ा | श्री हरि कृष्ण आचार्य | उपनिदेशक, एसआईईआरटी, उदयपुर |
| 23 | डूंगरपुर | श्री जयप्रकाश भारद्वाज | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 24 | चित्तौड़गढ | श्री नीरज कांडपाल | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 25 | प्रतापगढ | श्री पल्लव मुखर्जी | याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 26 | अजमेर | श्री इजहार अहमद खान | जि.शि.अ., माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 27 | भीलवाड़ा | श्री मुन्नीराम लेघा | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 28 | नागौर | श्री दुर्गाराम मांझू | व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 29 | टोंक | श्री दिलीप कुमार परिहार | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 30 | भरतपुर | श्रीमती देवलता चांदवानी | उप निदेशक(योजना), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |
| 31 | धौलपुर | श्री तुलसी राम भाटी | रीडर, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,अजमेर |
| 32 | करौली | श्री शिवचरण मीना | पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, प्राशि, राज.,बीकानेर |
| 33 | स. माधोपुर | श्री जगन्नाथ पंवार | सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर |

(नथमल डिडेल)
आई०ए०एस०
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

बोर्ड परीक्षा – 2017 में निर्धारित मानदण्डों से न्यून परीक्षा परिणाम वाले राजकीय विद्यालयों का जिलेवार संख्यात्मक विवरण ::

| क्र.सं. | जिला कोड | जिला | उच्च माध्यमिक परीक्षा में न्यून परिणाम वाले विद्यालयों की संख्या | माध्यमिक परीक्षा में न्यून परिणाम वाले विद्यालयों की संख्या | कुल विद्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 101 | अजमेर | 14 | 49 | 63 |
| 2 | 102 | अलवर | 10 | 64 | 74 |
| 3 | 103 | बांसवाड़ा | 25 | 63 | 88 |
| 4 | 129 | बारां | 8 | 36 | 44 |
| 5 | 104 | बाड़मेर | 7 | 40 | 47 |
| 6 | 105 | भरतपुर | 16 | 48 | 64 |
| 7 | 106 | भीलवाड़ा | 8 | 62 | 70 |
| 8 | 107 | बीकानेर | 5 | 22 | 27 |
| 9 | 108 | बून्दी | 5 | 33 | 38 |
| 10 | 109 | चितौड़गढ़ | 18 | 65 | 83 |
| 11 | 110 | चूरू | 2 | 22 | 24 |
| 12 | 128 | दौसा | 12 | 32 | 44 |
| 13 | 127 | धौलपुर | 5 | 49 | 54 |
| 14 | 111 | डूंगरपुर | 23 | 34 | 57 |
| 15 | 124 | श्रीगंगानगर | 14 | 32 | 46 |
| 16 | 131 | हनुमानगढ़ | 2 | 7 | 9 |
| 17 | 112 | जयपुर | 3 | 53 | 56 |
| 18 | 113 | जैसलमेर | 3 | 7 | 10 |
| 19 | 114 | जालौर | 4 | 24 | 28 |
| 20 | 116 | झालावाड़ | 6 | 37 | 43 |
| 21 | 115 | झुंझुनू | 3 | 18 | 21 |
| 22 | 117 | जोधपुर | 14 | 41 | 55 |
| 23 | 132 | करौली | 12 | 51 | 63 |
| 24 | 118 | कोटा | 5 | 40 | 45 |
| 25 | 119 | नागौर | 17 | 43 | 60 |
| 26 | 120 | पाली | 26 | 61 | 87 |
| 27 | 133 | प्रतापगढ़ | 6 | 55 | 61 |
| 28 | 130 | राजसमन्द | 6 | 45 | 51 |
| 29 | 122 | सीकर | 11 | 18 | 29 |
| 30 | 123 | सिरोही | 6 | 23 | 29 |
| 31 | 121 | सवाई माधोपुर | 7 | 33 | 40 |
| 32 | 125 | टोंक | 5 | 20 | 25 |
| 33 | 126 | उदयपुर | 43 | 127 | 170 |
| | | **महायोग** | **351** | **1354** | **1705** |

www.rajteachers.com

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 13.06.18 के द्वारा विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृति (विशेष समुह योजना सहित) योजनान्तर्गत दिनांक 17.06.2018 को आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व परीक्षा 2018 हेतु लगाये गये पर्यवेक्षको में निर्देशानुसार निम्न संशोधन किये जाते है :-

| क्र.सं. | जिला | परीक्षा केन्द्र | पूर्व मे लगाये गये पर्यवेक्षक का नाम | संशोधित पर्यवेक्षक का नाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | राउमावि प्रतापगढ़ | श्री पल्लव मुखर्जी, व्याख्याता, | श्री विजय सारस्वत, मनो विज्ञान विषय विशेषज्ञ एसआईईआरटी उदयपुर | 9828598881 |
| 2 | भरतपुर | महा. बदनसिंह राउमावि भरतपुर | श्री नरेश पोपली, रीडर राउअशिसं बीकानेर | डॉ0प्रेमवती शर्मा प्रधानाचार्य, राउअशिसं बीकानेर | 9414335682 |
| 3 | दौसा | श्री रामकरण राउमावि, दौसा | श्री अशोक नोदी, रीडर, राउअशिसं बीकानेर | श्री घनश्यामदत्त जाट, प्रोफेसर, राउअशिसं बीकानेर | 9414326779 |

उपरोक्त संशोधन के अलावा शेष निर्देश एवं शर्ते आदेश दिनांक 13.06.2018 के अनुसार पुर्ववत रहेगी।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक :- शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/बी/विपूमैछा/आवंटन/2018-19 दिनांक :- 15-06-18

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. प्राचार्य, एस.आई.ई.आर.टी उदयपुर।
2. प्राचार्य, आई.ए.एस.ई, बीकानेर।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक।
4. संबंधित अधिकारी।
5. रक्षित पत्रावली।

15-06-18
प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर